सेंट एंड्रयूज स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

९वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली – ११००९२

सत्र: २०२६-२७

कक्षा -तीन विषय -हिंदी **पाठ:-८(ऊटी की यात्रा)**

कठिन शब्द

१. नीलगिरि

२. उटकमंडलम

३. पर्वतीय- स्थल

४. प्रसन्नता

५. सुहावना

६. मनोरम

७. वनस्पति

८. नौका- विहार

९. प्रतीक्षा

१०. प्रणाम

११. उद्यान

१२. चिड़ियाघर

1 निम्न प्रश्नों के उत्तर लिखिए ------

प्रश्न १- प्रतीक का घर कहाँ स्थित है ?

उत्तर - प्रतीक का घर ऊटी में क्लब रोड पर स्थित है ।

प्रश्न २-ऊटी को प्रकृति ने मनोरम कैसे बना दिया है ?

उत्तर -नीलगिरि के पेड़ों ,चाय के बागानों ,रंग-बिरंगे फूलों
और घनी वनस्पति ने ऊटी की प्रकृति को मनोरम
बना दिया है ।

प्रश्न ३- मुदुमलाई राष्ट्रीय उद्यान में कौन-कौन से जंगली
जानवर खुले में घूमते हुए देखे जा सकते हैं ?

उत्तर -मुदुमलाई राष्ट्रीय उद्यान में चीतल, बाघ,जंगली सूअर
भालू और तेंदुए जैसे जंगली जानवर खुले में घूमते हुए देखे
जा सकते हैं ।

प्रश्न -४ सेंट स्टीफन चर्च कहाँ बना हुआ है ? इसे कब बनाया गया था ?

उत्तर - सेंट स्टीफन चर्च क्लब रोड पर एक पहाड़ी पर बना हुआ है इसे
सन 1929 में बनाया गया था ।

निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए ---------

क) पर्वतीय स्थल - पहाड़ी जगह

वाक्य - इस गर्मी की छुट्टियों में हम पर्वतीय स्थल पर घूमने जाएँगे ।

ख) सुहावना - सुंदर लगनेवाला

वाक्य - बरसात के बाद मौसम बहुत सुहावना हो जाता है ।

ग) वनस्पति - पेड़ -पौधे

वाक्य - पृथ्वी पर अलग-अलग प्रकार की वनस्पति पाई जाती है ।

घ) प्रतीक्षा - इंतजार

वाक्य - हम सब अच्छे समय की प्रतीक्षा कर रहे हैं ।